भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **4095**
दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 / 21 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों के नामों की घोषणा

4095. श्री दयानिधि मारन:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय ने सभी विमान कंपनियों को सभी विमानपत्तनों के नाम विशेषकर चेन्नई विमानपत्तन के नाम की घोषणा करने के संबंध में कोई निदेश जारी किया तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इंडिगो, स्पाइस जेट, गो एयर, एअर एशिया और एअर विस्तारा जैसी भारतीय विमान कंपनियां चेन्नई के कामराज घरेलू विमानपत्तन और चेन्नई अन्ना अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तनों के नाम की घोषणा करने की बजाए केवल चेन्नई विमान पत्तन कहा जाता है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) नागर विमानन मंत्रालय द्वारा सभी भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय विमान कंपनियों द्वारा चेन्नई के कामराज घरेलू विमानपत्तन और चेन्नई अन्ना अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन के संबंध में घोषणा करते समय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; तथा यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय द्वारा इस संबंध में दोषी विमान कंपनियों पर कोई शास्ति लगाई गई है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ): नागर विमानन मंत्रालय या नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) द्वारा एयरलाइनों के लिए हवाई अड्डों के नाम की घोषणा के संबंध में कोई दिशानिदेश जारी नहीं किए गए हैं। हवाई अड्डों के नाम की घोषणा के संबंध में एयरलाइनों की अपनी-अपनी नीति होती है और एयरलाइनों की घोषणा की अंतर्वस्तु भिन्न-भिन्न होती है। चेन्नई हवाई अड्डा का नाम ' चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा' है, तथापि, विभिन्न एयरलाइनों द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई हवाईअड्डा पर लेंडिंग के समय उनके द्वारा विमान के भीतर निम्नलिखित उद्घोषणाएं की जाती हैं:

क्र.सं. ..... एयरलाइन का नाम .... उद्घोषणा

1. इंडिगो ...... चेन्नई

2. स्पाइस जेट .... चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा

3. गो एअर ...... के. कामराज अन्तर्देशीय हवाईअड्डा

4. एअर एशिया ...... चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा

5. एअर विस्तारा ..... चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा

6. एयर इंडिया ...... अन्तर्देशीय उड़ानों के लिए के. कामराज अन्तर्देशीय हवाईअड्डा और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए चेन्नई अन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

*****